## रेल क्रॉसिंग एप में नया फीचर जोड़ा

**बीकानेर,** (कासं)। रेल क्रॉसिंग एप में मन भावनाओं को देखते हुए नया फीचर जोड़ा गया है। बीकानेर व्यापार उद्योग मंडल द्वारा बीकानेर के कोटगेट व सांखला फाटक के खुलने व बंद होने की जानकारी उपलब्ध करवाने वाले रेल क्रॉसिंग एप जो कि गूगल प्ले स्टोर व एप्पल स्टोर पर पिछले सप्ताह लांच किया गया। रेल क्रॉसिंग मोबाइल एप अब और उपयोगी बन गया है।

कोटगेट व सांखला रेल गेट के रियल टाइम लाइव स्टेटस के साथ-साथ जनता की मांग पर अब रेल फाटक का टाइम टेबल भी एप पर उपलब्ध करा दिया गया है। जिससे आमजन को काफी राहत मिलेगी।

अध्यक्ष जुगल राठी ने बताया कि आमजन ने धन्यवाद के साथ-साथ समय सारिणी जोड़ने की मांग रखी थी। जिस पर तकनीकी सलाहकारों से सलाह करने के बाद टाइम टेबल का फीचर जोड़ा गया है। इसमें पैसेंजर ट्रेनों के कारण गेट के बंद व खुलने की दैनिक समय सारणी एप पर डाल दी गई है। जबकि मालगाड़ी या शंटिंग की स्थिति में केवल लाइव स्टेटस ही सटीक जानकारी देगा। एप को अपडेट करने से नए फीचर का लाभ मिलेगा।

सचिव संजय जैन सांड ने आमजन से अपील की है कि वे इस निःशुल्क एप को अधिक से अधिक इंस्टॉल करें और इसका नियमित उपयोग करें। इससे न केवल समय की बचत होगी बल्कि मुख्य बाजारों में ट्रैफिक जाम की समस्या भी कम होगी। आमजन के साथ-साथ स्थानीय दुकानदारों को भी फायदा होगा।

# 'प्रबुद्धजन सम्मेलन समाज के हर वर्ग को जोड़ने का माध्यम'

**बीकानेर,** (कासं)। भारतीय जनता पार्टी संभाग कार्यालय में आज भाजपा देहात जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया की अध्यक्षता में प्रबुद्धजन सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पूर्व केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी, जीव जंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष जसवंत विश्नोई के साथ वकील, शिक्षक, डॉक्टर, इंजीनियर, व्यापारी और अन्य

- **देहात भाजपा का प्रबुद्धजन सम्मेलन आयोजित**
- **कार्यकर्ता सरकार की नीतियों को आमजन तक पहुंचाए**




**बीकानेर संभाग कार्यालय में आयोजित देहात भाजपा के प्रबुद्धजन सम्मेलन को पूर्व केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने संबोधित किया।**

सम्मानित प्रबुद्धजन उपस्थित थे। कैलाश चौधरी ने प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यह आयोजन सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं बल्कि समाज के उन स्तंभों के साथ सीधा संवाद स्थापित करने का एक मंच है, जिन पर हमारे समाज की नींव टिकी है। यह अभियान समाज के हर वर्ग को जोड़ने का माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना भारत को परम वैभव तक पहुंचाने की है जिसे प्रबुद्धजनों के आशीर्वाद से ही संभव बनाया जा सकता है।

समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए आगे आएं और देश तथा समाज के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित देश बनने की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। आज 70 प्रतिशत से अधिक रक्षा संयंत्र, आधुनिक हथियार, विमान, उपकरण व मशीनरी देश में बनाकर दूसरे देशों को निर्यात कर रहे हैं। जसवंत विश्नोई ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश सेवा का संकल्प लिया है और दिन-रात मेहनत कर उसे पूरा कर रहे हैं। उन्होंने आमजन के लिए प्रधानमंत्री सड़क योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री अटल आवास योजना चलाकर देश को आगे बढ़ाने का काम किया है। प्रबुद्धजन सम्मेलन में हम सभी प्रबुद्धजनों का हार्दिक अभिनंदन और स्वागत करते हैं और उनसे अपेक्षा करते हैं कि आप केन्द्र और राज्य सरकार की नीतियों को आमजन तक पहुंचायेंगे। जिलाध्यक्ष श्याम पंचारिया ने कहा कि हमें सेवा पखवाड़े के अंतर्गत दिए गए सभी कार्यों को ईमानदारी से पूरा करना चाहिए। प्रबुद्धजन भाजपा की नीतियों से प्रभावित हैं। वे उस पार्टी पर विश्वास करते हैं जो देश के कल्याण के लिए हमेशा लगी रहती है। ऐसी पार्टी केवल भारतीय जनता पार्टी है।

## दशहरा पर 85 फीट का रावण

**बीकानेर,** (कासं)। पॉलिटेक्निकल कॉलेज मैदान में आयोजित होने वाले दशहरा उत्सव में इस बार रावण परिवार के पुतलों का आकार बढ़ाया गया है। यहां इस बार रावण का पुतला 85 फीट ऊंचा और कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतले भी 80-80 फीट के होंगे।

रावण परिवार के इन सदस्यों के पुतलों में पांच-पांच की ऊंचाई इस बार बढ़ाई गई है। श्रीराम लक्ष्मण दशहरा कमेटी जिला प्रशासन एवं राज परिवार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस दशहरा उत्सव की तैयारियां परवान पर है। रावण परिवार के प्रतीकात्मक पुतलों को लेकर उससे पूर्व होने वाले मंचन और शहर के प्रमुख मार्गों से निकाली जाने वाली रामायण पर आधारित सजीव झांकियों की तैयारियां भी परवान चढ़ गई।

उत्सव को लेकर कमेटी की बैठक अध्यक्ष राधेश्याम किंगर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पदाधिकारियों व सदस्यों की विभिन्न कमेटियां बनाकर जिम्मेदारी सौंपी गई। महासचिव सुभाष भोला के अनुसार कमेटी अपना 22 वां दशहरा उत्सव मनायेगी। हजारों की संख्या में दर्शक उत्सव का आनन्द ले सकेंगे। उत्तरप्रदेश से आये कारीगर पुतलों व सोने की लंका का निर्माण कर रहे हैं। कमेटी के सदस्यों की मांग पर पुतले का कद व आकार बढ़ाकर रावण का 85 फीट एवं मेघनाथ और कुंभकरण का पुतला 80-80 फीट ऊंचा कर दिया गया है। मीटिंग में हंसराज डागा, राम अरोड़ा, गिरीश खत्री, हेमन्त गौरवानी, प्रवीण अरोड़ा, गणेश पाण्डे, शेखर सोनी आदि मौजूद थे।

# डिस्ट्रिक्ट टीम में अपने चहेतों का चयन करने पर छात्राओं का हंगामा

**बीकानेर,** (कासं)। यहां एक छात्रा का डिस्ट्रिक्ट टीम में सलेक्शन नहीं करने पर स्कूल की छात्राओं ने मंगलवार को हंगामा किया। इसके बाद वे धरने पर बैठ गई। मामला जिले के खिलेरिया के सरकारी स्कूल का है।

- **रा. उ. मा. वि. खिलेरिया के छात्र-छात्राओं ने कक्षाओं का बहिष्कार कर स्कूल की टीम को गोल्ड मैडल जिताने वाली छात्रा किरण का चयन नहीं करने पर विरोध जताया**

छात्राओं का कहना था कि स्कूली स्तर पर होने वाली छात्रा किरण ने रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता में खिलेरिया स्कूल की टीम को गोल्ड मैडल जिताया था। इसके बाद भी उसका सलेक्शन नहीं कर चयन समिति ने अपने चहेतों को टीम में जगह दी। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खिलेरिया के छात्र-छात्राओं ने कक्षाओं का बहिष्कार कर दिया। इससे पहले सोमवार को भी वे क्लास छोड़कर विरोध जता चुके थे। आज छात्राएं स्कूल के मुख्य गेट पर एकत्रित हुई और चयन समिति व जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारे लगाए।

15 सितम्बर को छात्रा खिलाड़ियों ने अभिभावकों के साथ निदेशालय पहुंचकर चयन में हुई गड़बड़ी को लेकर विरोध दर्ज करवाया था। संयुक्त शिक्षा निदेशक के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी बीकानेर ने सम्पूर्ण प्रकरण की जांच के लिए सीबीईओ लूणकरनसर पत्र लिखा गया था। जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश पर लूणकरनसर सीबीईओ रमेश ने तीन प्रधानाचार्यों की कमेटी बनाकर जांच शुरू की। कमेटी के समक्ष खिलाड़ियों और प्रभारियों ने प्रतियोगिता के फोटो, वीडियो और चयन प्रक्रिया में गड़बड़ी के सबूत पेश किए। बयान भी दर्ज करवाए गए। हालांकि अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होने से छात्राओं में आक्रोश और बढ़ गया।

वहीं इस मामले में जांच अधिकारी कार्यवाहक सीबीईओ रमेश कुमार का कहना है कि जांच कमेटी ने रिपोर्ट सौंपी नहीं है। रिपोर्ट आते ही तुरंत जिला शिक्षा अधिकारी को भेज देंगे। खिलाड़ियों ने आरोप लगाया कि एक वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक ने बिना ड्यूटी के मैच में सह निर्णायक की भूमिका निभाने व चयन को प्रभावित करने का आरोप लगाया है। खिलाड़ियों का आरोप हे कि बेस्ट किक लगाने वाली छात्रा किरण का चयन नहीं हुआ। खिलेरिया टीम ने आरोप लगाया है कि इस जिला स्तरीय स्कूली 19 वर्ष छात्रा वर्ग रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता में सफल कन्वर्जनस किक मात्र चार लगाए गए। इनमें तीन किक टीम की सेन्टर खिलाड़ी किरण ने लगाये हैं। अब उसी का चयन नहीं किया जा रहा है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बावजूद किरण का नाम राज्य स्तर चयन सूची नहीं होने से खिलाड़ियों में आक्रोश फैल गया।

## पैदल यात्री संघ कतरियासर धाम रवाना

**नोखा,** (कासं)। साधासर में श्रीगुरू जसनाथ पैदल यात्री संघ की 12 वीं फेरी कतरियासर धाम के लिए रवाना हुई। पूर्व पंचायत समिति सदस्य कानीराम तरड, सरपंच काननाथ सिद्ध और सोहननाथ सिद्ध के नेतृत्व में यात्रा शुरू हुई।

संघ संयोजक कनीराम बिजारनीय और नौरंगनाथ ने बताया कि सोमवार को जसनाथजी की बाड़ी में जागरण का आयोजन किया गया। मंगलवार को हवन के बाद संघ ने यात्रा शुरू की। महंत शिवनाथ सिद्ध, मेघाराम मास्टर, चेनाराम, जेठाराम मास्टर समेत कई गणमान्य लोगों ने संघ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

संघ के रामस्वरूप तरड के अनुसार गुरूवार को यात्री कतरियासर में जसनाथजी और सती दादी के मुख्य मंदिर में धोक लगायेंगे। ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में लोक देवताओं के दर्शन के लिए पैदल यात्रा का प्रचलन बढ़ रहा है। रंग-गुलाल लगाकर डीजे की धुन पर नाचते-गाते युवा श्रद्धालु गांव से रोज यात्राएं शुरू कर रहे हैं। रवानगी के समय बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# युवक पर चाकू से हमला, अस्पताल में मौत

**हनुमानगढ़,** (कासं)। बाइक पर दोस्त के साथ घर लौट रहे 16 वर्षीय किशोर की चाकू से वार कर हत्या करने का मामला सामने आया है। घटना देर रात्रि को टाउन में बाइपास स्थित दशहरा ग्राउंड के पास हुई।

- **दोस्त के साथ बाइक से घर जा रहे युवक पर 6 लोगों ने रोककर चाकू से वार किया**

चाकू के वार से गंभीर घायल किशोर को जिला अस्पताल से हायर सेंटर रेफर किया गया था, लेकिन इलाज के दौरान रात्रि को किशोर ने दम तोड़ दिया। इस संबंध में देर रात्रि को परिजनों की रिपोर्ट पर टाउन पुलिस थाना में छह नामजद व तीन-चार अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। जिस समय परिजनों की ओर से मुकदमा दर्ज करवाया गया। उस समय किशोर को हायर सेंटर रेफर किया गया था। पुलिस ने तब हत्या के प्रयास संबंधी धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। लेकिन देर रात्रि को किशोर की मौत होने के बाद यह मामला हत्या में तब्दील हो गया। पुलिस टीमें आरोपियों की तलाश में जुटी हैं।

पुलिस के अनुसार सुबा खान (22) पुत्र फारूख खान निवासी वार्ड 30, जोतराम कॉलोनी, रूपनगर, टाउन ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि रात्रि को उसके भाई श्योकत निवासी वार्ड 36, टाउन का लड़का नियाज खान (16) अपने दोस्त के साथ बाइक पर सवार होकर घर लौट रहा था। जब दोनों दशहरा ग्राउंड के सामने पहुंचे तो वहां पहले से मौजूद शुभम, अमन गोंद, धनराज गोंद, काका शूटर, सिलू, गोल्डी व तीन-चार अन्य ने बाइक रूकवा ली।

बाइक रूकते ही इन लोगों ने नियाज खान को जान से मारने की नीयत से धारदार चाकू से वार कर उसके पेट व कंधे पर चोटें मारी और वहां से फरार हो गए। नियाज खान को लहूलुहान अवस्था में जिला चिकित्सालय के ट्रोमा सेंटर पहुंचाया गया। गंगानगर अस्पताल में मौत हो गई।

# 943 पेटी अवैध शराब सहित 2 तस्कर गिरफ्तार

**हनुमानगढ़,** (कासं)। पीलीबंगा थाना पुलिस ने अंतरराज्यीय शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस हाईवे पर रोही जाखड़ांवाली के रेस्ट एरिया से एक ट्रक को पकड़ा।

- **पराली की आड़ में हो रही थी शराब तस्करी, पंजाब से गुजरात ले जा रहे थे, शराब व ट्रक की कीमत करीब दो करोड़ आंकी**

ट्रक में पराली से भरे प्लास्टिक कट्टों की आड़ में पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब की 943 पेटियां छिपाई गई थी। इनमें कुल 11,316 बोतलें थी। जब्त शराब और ट्रक की कीमत करीब दो करोड़ रूपए आंकी गई है।

पुलिस ने मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपी केशाराम (22) और बांकाराम (30) दोनों बाड़मेर जिले के चौहटन तहसील के रहने वाले हैं। पूछताछ में पता चला कि शराब को पंजाब से गुजरात ले जाया जा रहा था। एसपी हरिशंकर के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान में एसआई मुकेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। टीम में हैड कांस्टेबल संजय कुमार, राकेश कुमार और कांस्टेबल रामहरी, मांगीलाल, संदीप कुमार और नरेन्द्र कुमार शामिल थे।

## नवान्हिक जप अनुष्ठान शुरू

**नोखा,** (कासं)। तेरापंथ भवन में नवान्हिक जप अनुष्ठान का आयोजन आरंभ हुआ।

इस अवसर पर साध्वी राजीमती ने कहा कि नवरात्रि का समय जाप और साधना के लिए विशेष रूप से उपयोगी होता है। उन्होंने बताया कि नवान्हिक जाप से व्यक्ति की अनेक समस्याएं दूर होती हैं। साध्वी प्रभात प्रभा ने कार्यक्रम में लयबद्ध जप अनुष्ठान का अभ्यास करवाया। इस दौरान अहमदाबाद से आचार्यश्री महाश्रमण के सानिध्य में सम्पन्न 50 वें तेरापंथ महिला मंडल अधिवेशन से लौटी अध्यक्षा प्रीति मरोठी और विभा आंचलिया ने अधिवेशन से जुड़ी जानकारी साझा की। अधिवेशन में नोखा से निवर्तमान अध्यक्ष सुमन मरोठी, वर्तमान अध्यक्ष प्रीति मरोठी, संरक्षिका पुष्पा पारख, मंजू बैद और दुर्गा लुनिया शामिल थी।

# नशीली दवाओं की बिक्री का विरोध करने वालों पर हमला

**हनुमानगढ़,** (कासं)। पड़ौसियों का नशीले पदार्थ बेचने पर विरोध करना दो दोस्तों को महंगा पड़ गया। इससे नाराज नशीले पदार्थ बेचने वालों ने बाइक पर घर लौट रहे दोनों दोस्तों पर लोहे की रॉड व डंडों से लैस होकर हमला कर दिया और चोटें मारी।

- **लोहे की रॉड व डंडों से लैस होकर आरोपियों ने हमला कर पीटा, चोटें मारी व चेन -रूपये लूट लिए**

चेन-रूपए छीनकर ले गए और पुलिस में शिकायत करने पर जिंदा नहीं छोड़ने की धमकी दी। दोनों घायलों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। इस संबंध में सदर पुलिस थाना में तीन नामजद व पांच-सात अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

पुलिस के अनुसार सुरजीत सिंह (51) पुत्र जगतार सिंह निवासी वार्ड दो, डबलीबास मौलवी ने रिपोर्ट पेश की है कि उन्हीं के मोहल्ले में रहने वाला सुखविन्द्र सिंह उसके पुत्र अशोक सिंह का दोस्त है। उसके पड़ौस में रहने वाले मंगू पुत्र जरनैल सिंह, भजन सिंह पुत्र सोहन सिंह, राजू पुत्र भगत सिंह नशीली गोलियां, चिट्टा, गांजा आदि बेचने का काम करते हैं। उसके पुत्र अशोक व सुखविन्द्र ने इन लोगों को नशीले पदार्थ बेचने से काफी बार मना किया था और नहीं मानने पर पुलिस उच्चाधिकारियों को शिकायत करने की चेतावनी दी थी। इसी बात की रंजिश को लेकर यह लोग उसके पुत्र के दोस्त सुखविन्द्र सिंह को पिछले कुछ दिनों से लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे थे। सुखविन्द्र को इन लोगों ने फिर धमकी दी कि तेरा दोस्त अशोक हमसे डरकर यहां से चला गया है। उसके आते ही तुम दोनों को जान से मारेंगे। मंगू, भजन सिंह व राजू के अलावा 5-7 अन्य जने गुरूद्वारा के पास राजू के घर के अंदर लोहे की रॉड व डंडों से लैस होकर छुपकर घात लगाए बैठे थे।

# राजस्थानी युवा रचनाकारों की कविताओं में मातृभूमि प्रेम, मायड़ भाषा के साक्षात दर्शन

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी की ओर से सांस्कृतिक सृजन पखवाडे॰के तहत मंगलवार को अकादमी सभागार में राजस्थानी युवा कवि-कवयित्री सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान आठ युवा रचनाकारों ने पूर्ण उत्साह के साथ अपनी राजस्थानी कविताओं के माध्यम से देश-प्रदेश व राजस्थानी भाषा-संस्कृति की महिमा का गुणगान किया।

अकादमी सचिव शरद केवलिया ने कहा कि बीकानेर के राजस्थानी युवा रचनाकार प्रतिभाशाली हैं। इनकी कविताओं में मातृभूमि प्रेम व मायड़ भाषा गौरव के साक्षात दर्शन होते हैं। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक सृजन पखवाड़े॰जैसे आयोजनों से युवा पीढ़ी को प्रोत्साहन मिलेगा। कार्यक्रम संचालिका कवयित्री मनीषा आर्य सोनी ने कहा कि बीकानेर के युवा



**राजस्थानी भाषा अकादमी की ओर से राजस्थानी युवा कवि-कवयित्री सम्मेलन में युवा कवियत्रियों का अभिनंदन किया।**

कवि-कवयित्रियों का भविष्य उज्ज्वल है। सोनी ने देश-विदेश में डंका बाजै राजस्थानी ठाट रो' कविता से राजस्थान का बखान किया।

इस अवसर पर युवा कवि गोविन्द सोनी ने भारत देस महान व म्हैं तो राजस्थानी..', सुधा सारस्वत ने गंगा सी निर्मल पावन आ राजस्थानी भाषा.., आयुष अग्रवाल ने मायड़

- **राजस्थानी भाषा अकादमी की ओर से 'राजस्थानी युवा कवि-कवयित्री सम्मेलन' आयोजित**

भासा म्हारी व कुण करसी रुखाल..., शीतल चौधरी ने भारत जिसी संस्कृति और कठै.., आनंद छंगाणी ने म्हारी मरूवाणी.., रेणु प्रजापत ने प्यारो राजस्थान..व वीरां री धरती.., कपिला पालीवाल ने आखो जगत भारत रो जस गावै.. व सौरम, अक्षिता जोशी ने परिवार.. आदि कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर युवा रचनाकारों को अकादमी की ओर से स्मृति चिन्ह प्रदान किये गये। सूचना सहायक केशव जोशी ने आभार व्यक्त किया।

## अखंड संकीर्तन शुरू, 175 सेवादार जुटे

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। सूरतगढ़ रोड स्थित अनक्षेत्र श्री राम मंदिर के वार्षिकोत्सव व शारदीय नवरात्रों में 10 दिवसीय सियाराम जय-जय सियाराम का संगीतमय अखंड संकीर्तन विधिवत रूप से पूजा-अर्चना के साथ शुरू किया गया। इससे पहले श्री बालाजी बाल मानस मंडल ने ध्वजारोहण, कलश पूजा, हवन पूजा, श्रीराम दरबार पूजा, गणेश दरबार व मां अन्नपूर्णा की पूजा की।

36 साल पुराने इस मंदिर में वार्षिकोत्सव के तहत 10 दिनों तक 175 सेवादार भंडारे की भोजन प्रसादी बनाने से लेकर वितरण में जुटे हुए है। यहां रोजाना सुबह 10 हजार लोगों के लिए भोजन तैयार किया जा रहा है। सेवादार अभय स्वामी ने बताया कि आगामी दिनों में भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी होगी। मंदिर परिसर में अखंड श्रीराम नाम की स्वर लहरियां सुनाई देने लगी हैं।

## सार-समाचार

### मुख्य स्मारकों की साफ-सफाई की



**सेवा पर्व पखवाड़ा के तहत गंगा राजकीय संग्रहालय के कार्मिकों ने मुख्य स्मारकों की सफाई की।**

**बीकानेर,** (कासं)। सेवा पर्व पखवाड़ा के तहत पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के गंगा राजकीय संग्रहालय द्वारा मंगलवार को सामूहिक स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत संग्रहालय कार्मिकों ने पब्लिक पार्क के संरक्षित स्मारक कीर्ति स्तम्भ एवं वार मेमोरियल की साफ-सफाई की। इस अवसर पर संग्रहालय अध्यक्ष राकेश शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी शंकर दत्त हर्ष एवं सहायक प्रशासनिक अधिकारी मनोहर सिंह के सहित समस्त कार्मिकों ने कीर्ति स्तम्भ पर उगे हुए अवांछित झाड़-झंखाड़ को हटाकर सफाई की। संग्रहालय अध्यक्ष ने नागरिकों को स्मारकों की सफाई एवं उनके संरक्षण के बारे में जागरूक किया। साथ ही आगामी दिवसों में संरक्षित स्मारक राव बीकाजी की टेकरी एवं अन्य संरक्षित स्मारकों की साफ-सफाई का अभियान 02 अक्टूबर तक जारी रखने के संबंध में जानकारी दी।

### गोचर-ओरण बचाने कलेक्टर से मिले



**ओरण बचाने के लिए शिव गहलोत के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर नम्रता वृष्णि से मिला।**

**बीकानेर,** (कासं)। गोचर ओरण संरक्षक राजस्थान के तत्वाधान में आज एक प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर से मिला। समिति के शिव गहलोत ने बताया कि हमने कलेक्टर से मिलकर बीकानेर विकास प्राधिकरण के मास्टर प्लान पर आपत्ति देने हेतु अंतिम समय बढ़ाने का निवेदन किया। साथ में उन्होंने बताया कि पूरे बीकानेर जिले में समिति द्वारा लगभग दो लाख आपत्ति प्रारूप बांटे जा चुके हैं। इसलिए अंतिम समय बढ़ाने पर वह सभी आपत्तियों को पूरे जिले से एकत्रित करने का समय मिल जायेगा। इस अवसर पर नवलाराम महाराज, बंसीलाल तंवर, महेन्द्र पडिहार, सूरज प्रकाश राव, मनोज सेवग, कैलाश सोलंकी, राहुल जादूसंगत, योगेश गहलोत, सूरजमाल सिंह नीमराना आदि उपस्थित थे।

### जेजेएम में घटिया डिग्गियों का निर्माण

**अनूपगढ़,** (कासं)। यहां पांच गांवों 67 जीबी, 68/1 जीबी, 68/2 जीबी, 68/3 जीबी और 70 जीबी में प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन में बने जल भंडारण टैंकों व डिग्गियों में घटिया निर्माण सामग्री के कारण गंभीर समस्या है। खासकर 70 जीबी की टंकी व डिग्गियों में पानी भरने से बेड और साइड वॉल क्षतिग्रस्त हो गए हैं। ग्रामीणों ने कहा कि डिग्गियों की खराब हालत के कारण जल भंडारण संभव नहीं है और वे अब पेयजल के लिए टैंकरों पर निर्भर हैं। गांव निवासी हरदीप सिंह ने बताया कि डिग्गियों की हालत इतनी खराब है कि पानी स्टोर करना मुश्किल हो गया है। ग्राम पंचायत 72 जीबी के पूर्व सरपंच मस्तान सिंह ने कहा कि ग्रामीणों ने यह मामला जलदाय विभाग व ठेकेदार के सामने कई बार उठाया पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। तनाव बढ़ने पर मंगलवार को ग्रामीणों ने एडीएम अशोक सांगवा से भी मुलाकात की। एडीएम अशोक सांगवा ने बताया कि प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया है और तहसीलदार दिव्या चावला को तुरंत प्रभाव से निर्माण कार्य की जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कदम उठाए जायेंगे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर सात दिन में डिग्गियों की मरम्मत व सुधार कार्य शुरू नहीं हुआ तो वे धरना-प्रदर्शन करेंगे।

### 'जीएसटी छूट का लाभ सभी को मिले'

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जीव जंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष जसवंत सिंह बिश्नोई ने कहा कि आज जीएसटी बचत उत्सव शुरू गया है। यह सब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कारण ही संभव हो पाया है। सभी उत्पादों पर केन्द्र सरकार की ओर से दी गई जीएसटी की छूट का लाभ प्रत्येक व्यक्ति और वर्ग को मिले, यह हमें सुनिश्चित करना है। बिश्नोई सोमवार जिला भाजपा की ओर से ट्रेडर्स एसोसिएशन भवन में आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच, विचार और अभिव्यक्ति से ही राष्ट्र का विकास संभव हो सकता है। इस दौरान अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग के अध्यक्ष राजेन्द्र नायक, श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद टाक, प्रबुद्धजन सम्मेलन कार्यक्रम संयोजक महेश पेड़ीवाल, ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष भूपेन्द्र आहूजा, शिक्षाविद वर्षा ओबराय व कच्चा आढ़तिया संघ के अध्यक्ष राधेश्याम मित्तल ने भी संबोधित किया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी श्रीचंद चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम में आये हुए सभी लोगों का जिलाध्यक्ष शरणपाल सिंह ने आभार जताया। अतिथियों का पगड़ी और पटका पहनाकर स्वागत किया गया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। मंच संचालन सेवा पखवाड़ा के जिला संयोजक सुरेन्द्र गोदारा व जिला मंत्री क्रांति चुघ ने किया। इस अवसर पर प्रियंका बैलान, धर्मवीर डूडेजा, वैभव भारती, मदन सिरसवाल, मदन जोशी, मुखत्यार सिंह, सत्यप्रकाश खेमका, रतन गणेशगढिया, जीबी सिंह, रविन्द्र यादव, श्यामलाल आहुजा, विनय जिंदल, हरभजन सिंह सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 21.09.2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 4 ए छोटी मुरब्बा नं. 09 के किला नं. 14 में भूखण्ड संख्या जे-03 का माप 30-0'' गुणा 55-0'' फीट के नियमन / पट्टा हेतु आवेदक श्री यजुवेन्द्र सिंह पुत्र श्री मनमोहन सिंह निवासी 32 बीबी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन/पट्टा सं. 10038 दिनांक 27.02.2020 के द्वारा जारी किया गया था। आवेदक / पट्टाधारक द्वारा उक्त जारी पट्टे को निर्धारित समयावधि में उपपंजीयन कार्यालय से पंजीकृत नहीं करवाया गया। आवेदक द्वारा जरिये प्रार्थना पत्र उक्त भूखण्ड के जारी पट्टे को नवीनीकरण हेतु निवेदन किया गया है। विभागीय आदेशानुसार 3 वर्ष अवधि के पश्चात पट्टा नवीनीकरण नहीं किया जाकर पुनः नया पट्टा जारी किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / पट्टे के आधार पर नया पट्टा जारी करने के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त नियमानुसार आवेदक श्री यजुवेन्द्र सिंह पुत्र श्री मनमोहन सिंह निवासी 32 बीबी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / जारी पट्टे के आधार पर चक 4 ए छोटी मुरब्बा नं. 09 के किला नं. 14 में भूखण्ड संख्या जे-03 का माप 30-0'' गुणा 55-0'' फीट का नियमन / पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन / पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
Rajkaj Ref. No. 17913199 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 21.09.2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 4 जैड मुरब्बा नं. 69 के किला नं. 1,2 में भूखण्ड संख्या का माप 40 गुणा 80 फीट के नियमन / पट्टा हेतु आवेदक श्रीमती संतोष पत्नी श्री भूप सिंह निवासी मकान नं. 613 रामदेव मन्दिर के पास पुरानी आबादी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमती संतोष पत्नी श्री भूप सिंह निवासी मकान नं. 613 रामदेव मन्दिर के पास पुरानी आबादी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 4 जैड मुरब्बा नं. 69 के किला नं. 1,2 में भूखण्ड संख्या का माप 40 गुणा 80 फीट का नियमन / पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन / पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
Rajkaj Ref. No. 17516073 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 21.09.2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 21 के किला नं. 14,17 में भूखण्ड संख्या का माप 33'' गुणा 50'-0'' फीट के नियमन / पट्टा हेतु आवेदक श्री हीरा लाल वर्मा पुत्र श्री रामलाल निवासी गली नं.04 रामदेव कॉलोनी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री हीरा लाल वर्मा पुत्र श्री रामलाल निवासी गली नं.04 रामदेव कॉलोनी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 21 के किला नं. 14,17 में भूखण्ड संख्या का माप 33'' गुणा 50'-0'' फीट का नियमन / पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन / पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
Rajkaj Ref. No. 16679492 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

